75वें स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबन्धन की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं

हमारा वतन
साप्ताहिक समाचार पत्र

जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965


संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी


संरक्षक
बाबू लाल सैनी
मो: 9352734588

www.hamarawatan.in FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 57 अंक-31 जयपुर, सोमवार, 16 अगस्त, 2021 वार्षिक शुल्क 150 रुपये (एक प्रति 3 रु.) पृष्ठ संख्या 4


राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह : देश को संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप आगे बढ़ाना होगा

## स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और शहादत से हमने अनमोल आजादी पाई है: मुख्यमंत्री

### सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह

जयपुर (नि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की रहनुमाई में हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और शहादत से हमने अनमोल आजादी पाई है। इसके बाद हमारे नेताओं ने दूरदर्शी सोच के साथ एक मजबूत लोकतंत्र की नींव रखी और देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाया। जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा, बोली जैसी विविधताओं वाले इस राष्ट्र को हमें संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप निरंतर आगे बढ़ाना होगा। देश की युवा पीढ़ी पर यह एक बड़ी जिम्मेदारी है। गहलोत 75वें स्वाधीनता दिवस के अवसर पर जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्टेडियम में ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब देश आजाद हुआ तब यहां बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं थी। पं. जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, डॉ. अम्बेडकर और मौलाना आजाद जैसे महान नेताओं ने अपनी दूरदर्शिता से भारत को आत्मनिर्भर बनाने की नींव रखी।

### संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेह सुशासन देते हुए फैसले लिये हैं



### लोक कलाकारों ने लोकगीतों और नृत्य के माध्यम से लोक संस्कृति की छटा बिखेरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेह सुशासन देते हुए लगातार एक से बढ़कर एक फैसले लिये हैं। जन घोषणा पत्र को सरकार के नीतिगत दस्तावेज के रूप में शामिल करते हुए उसे अपनी कार्ययोजना का अंग बनाया। अब तक इसके 64 प्रतिशत वादों को पूरा कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री निशुल्क दवा एवं जांच योजना तथा निरोगी राजस्थान के बाद अब हमने प्रदेशवासियों को इलाज के खर्च की चिंता से मुक्त करने की दिशा में चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की है। किसानों के लिए हमने अलग से बजट की घोषणा की है। उनसे की गई ऋण माफी का वादा सरकार ने निभाया है। राज्य के 15 जिलों में किसानों को दिन में बिजली मिलने लगी है। अगले वर्ष तक सभी जिलों में किसानों को दिन में बिजली मिलेगी।

इस अवसर पर लोक कलाकारों ने लोकगीतों और नृत्य के माध्यम से लोक संस्कृति की छटा बिखेरी। अंत में राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी, शिक्षा राज्य मंत्री गोविन्द सिंह डोटासरा, विधायकगण, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी सहित गणमान्यजन उपस्थित थे।

गहलोत ने कहा कि आजादी के समय राजस्थान में मात्र 13 मेगावाट बिजली बनती थी, लेकिन आज 23 हजार मेगावाट बिजली बनने लगी है।

## खत्म हो जाएंगे टोल प्लाजा

- तीन महीने में आएगी जीपीएस से टोल कलेक्शन वाली पॉलिसी, एक साल में लागू हो जाएगी नई व्यवस्था

नई दिल्ली। वह समय जल्द आएगा, जब आपको हाईवे पर एक भी टोल प्लाजा नहीं दिखेंगे। सरकार टोल वसूली के लिए प्लाजा की जगह GPS ट्रैकिंग वाला सिस्टम लागू करेगी। इसके लिए वह अगले तीन महीने में नई पॉलिसी लाएगी। यह बात सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज प्रमुख उद्योग चैंबर CII के एक कार्यक्रम में कही।

**एक साल में लागू हो जाएगा GPS टोल कलेक्शन सिस्टम**–गडकरी ने CII के सालाना सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि देश में फिलहाल जीपीएस के जरिए टोल वसूली वाली टेक्नोलॉजी नहीं है। सरकार फिलहाल ऐसी टेक्नोलॉजी डेवलप करने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने इसी साल मार्च में कहा था कि सरकार जल्द ही टोल बूथ खत्म कर देगी। एक साल में उसकी जगह पूरी तरह जीपीएस से चलने वाला टोल कलेक्शन सिस्टम लागू कर दिया जाएगा।

## नागरिक अधिकार संस्था ने स्वतंत्रता दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाया



जयपुर (हमारा वतन) नागरिक अधिकार संस्था पंजीकृत के द्वारा स्वतंत्रता दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। संस्था के मुख्यालय पर मुख्य अतिथि भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी गिर्राज प्रसाद मीणा (सेवानिवृत्त) ने एवं राजकीय प्राचार्य रेनू तंवर ने झंडारोहण किया संस्था के अध्यक्ष सुरेश सैनी ने बताया कि इस अवसर पर साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट मुकेश चौधरी ने विस्तार से साइबर क्राइम से संबंधित नागरिक अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी । इससे पूर्व संस्था के महासचिव नरेंद्र कुमार ने संस्था की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

संस्था के पदाधिकारियों उपेंद्र मिश्रा, डॉ महावीर सैनी, नवल किशोर भंवरसिंह कीनिया, अंकुर गुप्ता, बलवंत प्रजापति, संजय सैनी, जीपी नायक, शिवनंदन गुप्ता, मोहन नायक, दिनेश सैनी, महेंद्र सोलंकी महेश कुमावत इत्यादि ने बताया कि संस्था संविधान प्रदत्त नागरिक अधिकारों की रक्षा हेतु सतत् रूप से लगातार कार्य कर रही है, उन्होंने उपस्थित सभी नागरिकों से देश की रक्षा, एकता और अखंडता के लिए हर संभव सहयोग करने की अपील की। इस दौरान संस्था के राजदीप सैनी, एमएल खींची, बीएल कुशवाहा, एनके जैन, सुनील ठाकुर, कंचन टॉक, ईश्वर शर्मा, लक्ष्मण सैनी, केएल खींची तेजाराम टॉक, राज टॉक, सीताराम सैनी, केएल भाटी, अमित गुप्ता, रामजीलाल मीणा, रमेश वर्मा, गुरुशरण, शिवनंदन गुप्ता कालूराम सैनी, प्रतापसिंह, रमेश गुप्ता, किशन गोपाल, हनुमान सहाय, दौलत राम, अनिल सैनी, मुकेश शर्मा, चिरंजी लाल सैनी,सुरेशचंद सैनी, बुधसिंह सैनी, कालूराम टाक सहित बड़ी संख्या में अन्य गणमान्य नागरिक, राजकीय अधिकारी, कर्मचारी एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।


75वां स्वतंत्रता दिवस

#राजस्थान_सतर्क_है



**भारत का संविधान**
**उद्देशिका**

हम, भारत के लोग, भारत को एक **संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य** बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को :

सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक **न्याय,**
विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म
और उपासना की **स्वतंत्रता,**
प्रतिष्ठा और अवसर की **समता**
प्राप्त कराने के लिए,
तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और
राष्ट्र की एकता और अखंडता
सुनिश्चित करने वाली **बंधुता** बढ़ाने के लिए

दृढ़संकल्प होकर **अपनी इस संविधान सभा में** आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई. (मिति मार्गशीर्ष शुक्ला सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को **एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।**

**मूल कर्तव्य**

**भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह -**

(क) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्र ध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(ख) स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(ग) भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(घ) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(ङ) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो, ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरूद्ध है;
(च) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का महत्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(छ) प्राकृतिक पर्यावरण की, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणि मात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(ज) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(झ) सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखे और हिंसा से दूर रहे;
(ञ) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरंतर बढ़ते हुए प्रयत्न और उपलब्धि की नई ऊंचाइयों को छू ले;
(ट) यदि माता-पिता या संरक्षक है, छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बालक या प्रतिपाल्य के लिए शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

आजादी के 75वें वर्ष में प्रवेश के शुभ अवसर पर मूल कर्तव्यों को अंगीकृत कर हम सब सत्य, अहिंसा और शांति के मार्ग पर चलते हुए प्रदेश को उन्नति की ओर बढ़ाएं।

**सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**



जय हिन्द, जय भारत
**अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री, राजस्थान**

1 घर से बाहर निकलें तो हमेशा मास्क पहनें
2 आपस में दो गज की दूरी बनाए रखें
3 अपने हाथ साबुन से धोते रहें या सैनेटाइज़ करें
4 वैक्सीन जरूर लगवाएं

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद



# स्वर्णकार समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

चौमूं (हमारा वतन) चौमूं तहसील के स्वर्णकार समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह मोरिजा रोड स्थित कागलिया वाले हनुमान मंदिर में संपन्न हुआ। गौरतलब है कि चुनावो में सोनी समाज चौमूं तहसील अध्यक्ष मालीराम सुनालिया, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश देवल,महामंत्री पवन कुमार सोनी , कोषाध्यक्ष मोहन चौडवा और मीडिया प्रभारी के पद पर के एल सोनी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया था ।


मीडिया प्रभारी के एल सोनी ने बताया की इस दौरान समाज के भामाशाहों द्वारा समाज की धर्मशाला के लिए सहयोग राशि देने की घोषणाएं भी की। अनिल कुमार सोनी विकास अधिकारी गोविंदगढ़ ने 11 हजार, नवनिर्वाचित अध्यक्ष मालीराम सोनी ने 1 लाख 51 हजार, छिगन लाल सेंढा ने 11 हजार,ओमप्रकाश देवल सिंगोद ने 30 हजार, रुडमल गधोचिया ने 51 हजार, मातादीन सोनी ने 1 लाख 1 हजार, सीताराम मनोज कुमार रोड़ा ने 1 लाख 1 हजार, पिंटू (अशोक) थोंणगर रींगस ने 1 लाख 1 हजार की तरफ से धर्मशाला के लिए सहयोग राशि दी।

महामंत्री पवन कुमार सोनी ने बताया कि अब जल्दी ही समाज की अधूरी पड़ी धर्मशाला का निर्माण कार्य चालू करवाया जाएगा। धर्मशाला तैयार होने के बाद समाज बंधु सामाजिक कार्यक्रम में काम ले सकेंगे। कार्यक्रम में पधारे हुए सभी समाज बंधुओं का नवनिर्वाचित सदस्यों ने आभार जताया। सभी निर्वाचित सदस्यों ने समाज के लोगो को विश्वास दिलाया कि आपने जो भी जिम्मेदारी हमारे को सौपी हैं उस जिम्मेदारी का हम सभी ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे व समाज के कार्य लिए हम सभी हमेशा समाज के साथ खड़े रहेंगे।कार्यक्रम के समापन के बाद सभी समाज के लोगो ने भोजन प्रसादी ग्रहण की ।

# यूईएम जयपुर में कौशल विकास केंद्र की हुई स्थापना

जयपुर (हमारा वतन) यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट जयपुर ने अपने परिसर में एक कौशल विकास केंद्र स्थापित किया है।

बैंगलोर स्थित बहु-आयामी अनुसंधान उन्मुख तकनीकी कंपनी एंटुपल टेक्नोलॉजीज ने राजस्थान के पूरे क्षेत्र के इंजीनियरों की सुविधा के लिए कौशल विकास केंद्र स्थापित करने के लिए यूईएम जयपुर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। 12 अगस्त, 2021 को इस हस्ताक्षरित एमओयू का आदान-प्रदान किया गया और इस कौशल विकास केंद्र की विभिन्न सुविधाओं की जानकारी इंजीनियरिंग शाखाओं के सभी शिक्षकों और छात्रों को दी गई। प्रो. (डॉ.) बिस्वजॉय चटर्जी, कुलपति, यूईएम जयपुर ने बताया कि यूईएम जयपुर हमेशा अपने छात्रों को कौशल आधारित परिणामोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान करता रहा है और कौशल वृद्धि के उद्देश्य से नई तकनीकों को अपनाने के लिए हमेशा तैयार रहता है। इससे छात्रों के रोजगार के विकल्प बढ़ते हैं और कंपनियों को उनकी तकनीकी जरूरतों के अनुसार अच्छे प्रशिक्षित उम्मीदवार मिलने से भी फायदा होता है। यूईएम जयपुर ने अपने छात्रों को नौकरी, प्लेसमेंट और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए कई प्रमुख उद्योगों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। छात्रों के अत्यधिक लाभ के लिए यूईएम जयपुर परिसर में इंटरनेट ऑफ थिंग्स, डेटा साइंस, ब्लॉकचैन आदि जैसी नवीनतम उभरती प्रौद्योगिकियों के कई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस काम कर रहे हैं। विश्वविद्यालय की इन पहलों के कारण, इस वर्ष अधिकतम प्लेसमेंट प्रस्ताव 72 लाख प्रति वर्ष तक पहुंच गया है। एंटुपल के साथ कौशल विकास केंद्र सभी छात्रों और शिक्षकों को 'ANSYS', कैडेंस आदि जैसे दुनिया के अग्रणी सॉफ्टवेयर और प्रौद्योगिकियों पर व्यावहारिक अनुभव सीखने के लिए लाभान्वित करेगा।




मुख्य अतिथि अरूप त्यागी, अकादमिक प्रमुख, भारत , सार्क और आसियान देशों, ANSYS ने भी कौशल आधारित शिक्षा की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने बताया कि ANSYS पूरी दुनिया में इंजीनियरिंग सिमुलेशन में नंबर एक कंपनी है, जिसके 92 देशों में 2750 शैक्षणिक साझेदार हैं और दुनिया भर में 250 से अधिक समाधान भागीदार हैं। इसके बैनर तले 450 से अधिक पेटेंट भी हैं। यूईएम जयपुर के छात्र और शिक्षक निश्चित रूप से अपने शोध और प्रशिक्षण गतिविधियों में 'ANSYS' सॉफ्टवेयर का उपयोग करके सबसे आगे रहेंगे।

एंटुपल टेक्नोलॉजीज, बैंगलोर के निदेशक एस डी मेहता इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे । दामोदर एम एस, व्यवसाय प्रबंधक और एस के अग्रवाल, उत्पाद प्रबंधक भी उपस्थित रहे । उन्होंने 'ENTUPLE' प्रौद्योगिकियों की विभिन्न सेवाओं, सुविधाओं और उत्पाद श्रृंखला के बारे में भी जानकारी दी।

प्रो. (डॉ.) प्रदीप शर्मा, रजिस्ट्रार, यूईएम जयपुर ने बताया कि यूईएम जयपुर के छात्र हमेशा नए सॉफ्टवेयर और तकनीकों को सीखने के लिए उत्सुक रहते हैं और वे यूईएम जयपुर की इनोवेशन लैब में अपने उत्पाद भी बनाते हैं। कई उद्योग वित्त पोषित परियोजनाएं छात्रों द्वारा पूरी की गई हैं और कई प्रगति पर हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि कुशल विकास केंद्र राजस्थान भर से इंजीनियरिंग करने वाले और उत्तीर्ण छात्रों को नवीनतम के लिए कुशल बनाने में उपयोगी होगा।

प्रो. (डॉ.) अनिरुद्ध मुखर्जी, डीन, यूईएम जयपुर ने भी यूईएम जयपुर में कौशल विकास केंद्र शुरू करने के लिए एंटुपल टेक्नोलॉजीज की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने छात्रों की अनुसंधान और विकास गतिविधियों में अनुकरण की आवश्यकता पर बल दिया।

यूईएम जयपुर और एंटुपल टेक्नोलॉजीज, बैंगलोर के बीच एमओयू के ऑनलाइन उद्घाटन समारोह में सभी विभागाध्यक्षों, शिक्षकों और 300 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। प्रो (डॉ.) प्रशांत रंजन, एसोसिएट प्रोफेसर, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग, यूईएम जयपुर ने पूरे सत्र का संचालन किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को सत्र में भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया।

(कविता)

## क्या हम आजाद हैं.......?

आज पुकार रहा है
देश का हर जर्रा जर्रा।
छोडो! इस मानसिक गुलामी को
जो बनाती है, बेटियों को कमजोर।
तोड डालो!
इन झूठी परंपराओं को
और जीने दो हर महिला को।
बेटी के रूप में ,
बहन के रूप में ,
पत्नी के रूप में
और दोस्त के रूप में।
उडने दो उसे
अपने हिस्से की उडान।
अनंत आकाश में।
दे दो उसे पंख।
अपने हिस्से की
उडान भरने के लिए।
देश के लिए सच्ची आजादी
तभी होगी जब...
देश की हर बेटी को उसके हक
की आजादी मिलेगी।
आजादी.. अपने विचारों को
रखने की।
आजादी.. खुद का
कैरियर चुनने की।
आजादी.. गलत को
गलत कहने की।
आजादी.. अपने हर सपने को
पूरा करने की।
तभी देश की आजादी
सार्थक है।



अनीता मीना
कटकड व्याख्याता

# रविकांत शर्मा के जन्म दिवस पर होने वाले ऐतिहासिक रक्तदान शिविर के पोस्टर का हुआ विमोचन




जयपुर (हमारा वतन) वर्ष 2018 के विधायक प्रत्याशी, समाजसेवी और एमडीएफसी बैंक के सीईओ रविकांत शर्मा के 30 वें जन्मदिवस पर होने वाले ऐतिहासिक विशाल रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन किया गया । टीम इंद्र वशिष्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्र वशिष्ट, राष्ट्रीय संरक्षक पंडित रविंद्र आचार्य, प्रदेशाध्यक्ष सुरज्ञान चौधरी के कर कमलों से संपन्न हुआ ।

समाजसेवी रविकांत शर्मा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य की प्रेरणा से 23 अगस्त को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा । युवाओं को रक्तदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए संपर्क किया जा रहा है और अपील की जा रही है कि अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करें ,ताकि किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सके ।

रक्तदान शिविर के संयोजक मुकेश जाट और व्यवस्थापक सोहन जाट ने बताया कि रक्तदान शिविर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, तेजाजी की ढाणी, फतेहपुरा बांसा, चौमूं -चंदवाजी स्टेट हाईवे टोल प्लाजा के पास आयोजित किया जाएगा । रक्तदाताओं को हेलमेट, स्मृति चिन्ह और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया जाएगा । इस दौरान मोनिका प्रिंटर्स के बजरंग जितरवाल, सोहन जितरवाल, बजरंग चौधरी, राहुल शर्मा आदि लोग मौजूद रहे ।

(कविता)

## आज़ादी के मायने



योगिता शर्मा
जयपुर

पूरे हुए आज साल पिछहतर
साल दर साल पंद्रह अगस्त को
मनाते हम स्वतंत्रता दिवस
परंतु आज भी हम हैं विवश
पूछो ज़रा अपने अंतर्मन से
क्या नहीं है दुखी भ्रष्टाचार से
क्या यही है आज़ादी के मायने?

पूरे हुए आज साल पिछहतर
कोरोना ने खोली पोल चिकित्सा तंत्र की
हुई जब लैंडिंग वैक्सीन की
त्राहिमाम मचा रहा था रेमेडेसीवीर
फिर भी मरीज का नहीं उतर रहा था फीवर
और ऑक्सीजन हो रहा था लीक
क्या यही है आज़ादी के मायने?


पूरे हुए आज साल पिछहतर
क्या मिली है आज़ादी
पूछो ज़रा उन फुटपातियों को
जिन्हे कभी मंत्री की आँखों का तारा
तो कभी फ़िल्म जगत का सितारा
रौंद जाता अपनी महंगी गाड़ी से
क्या यही है आज़ादी के मायने?

पूरे हुए आज साल पिछहतर
पग पग पर होता भ्रष्टाचार यहाँ
कालाबाज़ारी ने फैलाये हैं पैर यहाँ
आज तक रफाल केस न सुलझा यहाँ
महंगाई का न पूछो हाल यहाँ
अस्सी लाने वाला फैल ओर चालीस वाला
पास यहाँ
क्या यही है आज़ादी के मायने?

पूरे हुए आज साल पिछहतर
मदिरालय में रोज उड़ाते हज़ारों
राशन का गेहूं लेना है हक यारों
भाई भाई का दुश्मन बन बैठा
बेटा माँ का हत्यारा बन बैठा
यह कैसा युग है आया
क्या यही आज़ादी के मायने?
पूरे हुए आज साल पिछहतर।

(कविता)

## हम सबका हिंदुस्तान



इकराम राजस्थानी
राष्ट्र रत्न
(विश्व विख्यात कवि, गीतकार, कमेंटेटर)

भारत के भाल पर लिखा, आभास है, ये दिन !
जन जन के मन में जागता, विश्वास है, ये दिन !
वन्दन करें, नमन करें, और आरती करें ,
अपने स्वतंत्र, देश का,इतिहास है, ये दिन !!
देश भक्ति के दीवानों ने, बोया बीज कमाल का !
आज़ादी का वृक्ष हुआ है
आज पचहत्तर साल का
भारत देश है माला, सारे मज़हब इसके मोती !
इन्हें एकता की माला में ,माता आज पिरोती !!
भारत माँ की,आंखों के,ये सभी धर्म हैं ज्योती,
घण्टे बजते, शंख गूंजते,
और अजाने होती!!

तन मन धन,सब इसको अर्पित, इस पर वारे जान!
आओ हम सब मिल कर गायें, अपना हिंदुस्तान!!
हम सबका हिंदुस्तान !!!



# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने मनाया राखी उत्सव

जयपुर (हमारा वतन) प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा चौमूं स्थित स्थानीय सेवा केंद्र प्रभु कीर्ति कुंज में राखी उत्सव राजयोगिनी चंद्रकला दीदी के सानिध्य में मनाया गया । इस दौरान राजयोगिनी चंद्रकला दीदी ने राखी का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि राखी पवित्रता का प्रतीक है तथा तिलक आत्म स्मृति का प्रतीक है और मिठाई मधुर वाणी का प्रतीक है । दीदी ने उपस्थित सभी भाई -बहनों को राखी,तिलक, चावल तथा आध्यात्मिक कार्ड वरदान के रूप में दे कर प्रभु प्रसाद दिया । इस अवसर पर ब्रम्हाकुमारी प्रेम बहन, मंगला बहन,वाइस चेयरमैन किरण शर्मा,राजकुमार शर्मा, पार्षद संदीप शर्मा बाबूलाल यादव तथा अनिता कुमावत भी मौजूद रहे ।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हाड़ौती खादी ग्रामोद्योग समिति, कोटा
पिछड़े वर्गों का उत्थान करने, बेरोजगार हाथों को पूर्णकालिक या आंशिक काम देने और राष्ट्रपिता बापू के सपनों को साकार करने के लिए खादी और ग्रामोद्योगी वस्तुओं का प्रयोग कीजिये।
हमारे बिक्री भण्डार
★ खादी भण्डार रामपुरा, कोटा
★ खादी भण्डार बूंदी
★ खादी भण्डार झालावाड़
★ खादी भण्डार बारां
★ खादी भण्डार इटावा
★ खादी भण्डार केशवपुरा, कोटा
★ खादी भण्डार सवाई माधोपुर
उत्पादन केन्द्र
★ खादी आश्रम कोटा
★ खादी आश्रम बूंदी
★ खादी आश्रम मांगरोल
★ खादी आश्रम अटरू
विशेषता :- कोटा डोरिया साड़ी, सूती खादी, पोलीवस्त्र, दरी फर्श का प्रमुख उत्पादन।
अटरू विशेष योजना कार्यक्रम :- हाड़ौती खादी ग्रामोद्योग समिति कोटा द्वारा बारां जिले की अटरू पंचायत समिति में विशेष रोजगार ।
आ.ल. खाण्डेकर, संरक्षक — रविभूषण शिरोमणि, अध्यक्ष — राधेश्याम गुप्ता, उपाध्यक्ष — कमल किशोर शर्मा, मंत्री — प्रवीण कुमार शर्मा, मुख्य व्यवस्थापक
( प्रधान कार्यालय - विनोबा बाड़ी, ( छोगा की बावड़ी ) - 2321619/खादी भण्डार, रामपुरा 2380154 )

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
गाँधी जयन्ति के पावन पर्व के स्मरण में आपका हार्दिक अभिनन्दन
बापू के सपनों को साकार करें, ताकि देश स्वाबलम्बी बन सके।
- सूती खादी, ऊनी खादी, रेशमी खादी : - ग्रामोद्योग को बेरोजगारी निवारण हेतु अपनायें
भरतपुर जिला खादी ग्रामोद्योग समिति, भरतपुर-231001
शाखा केन्द्र : कामा, डीग, नगर, रूपवास, नदबई
खादी निकेतन भरतपुर, खादी भण्डार, भरतपुर
खादी - प्रतिष्ठान भरतपुर, चर्म केन्द्र आदि।
राम भरोसी गुप्ता, अध्यक्ष — राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, मंत्री — दाउ दयाल सिंघल, सह मंत्री

स्वतंत्रता की हार्दिक शुभकामनाएं
अम्बेडकर विकास समिति
चौमूं-जयपुर द्वारा संचालित
बिक्री भण्डार :- खादी ग्रामोद्योग भण्डार बदनपुरा, चौक चौमूं, (गोविन्दगढ़)
हमारे उत्पादन :- दरी फर्श, खेश, आलमारी, टेबल, स्टूल, मसाला एवं अन्य ग्रामोद्योग सामान
निर्धारित विशेष छूट उपलब्ध है
मोहनलाल बुनकर, अध्यक्ष — रामजीलाल वर्मा, मंत्री — शंकरलाल वर्मा, सहा.मंत्री

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
खादी ग्रामोद्योग कमीशन द्वारा प्रमाणित
खादी मन्दिर
पब्लिक पार्क के पास, खादी परिसर बीकानेर
हमारे विशेष उत्पादन
सूती खादी, प्रसिद्ध सूती गाढ़ा, दो सूती, छींट, दरी, फर्श इत्यादि
ऊनी खादी का उत्पादन हमारी विशेषता है
फूसराज छलांणी, अध्यक्ष, मो. 9435037303 — इन्द्रभूषण गोईल, मंत्री, मो. 9314443703




# धर्मचंद कुलरिया को मिला भारत यूथ अवार्ड

नई दिल्ली (हमारा वतन) भारत गौरव फांउडेशन, दिल्ली के तत्वावधान में भारत गौरव यूथ अवार्ड समारोह का आयोजन नई दिल्ली स्थित हॉटेल संगरिला-इरोज में किया गया । जिसमें केन्द्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते एवं केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ।

इथोपिया गणराज्य की राजदूत श्रीमती टिजिटा मुलुगेटा, सासंद एवं देश के प्रसिद्ध गायक हंसराज हंस, वरिष्ठ आईएएस ज्योति कलश, सासंद एवं भाजपा के राष्ट्रीय उप कोषाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सासंद दिनेश चंद्र, सहित कई गणमान्य व्यक्ति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समाज और उद्योग जगत में अपनी बेहतरीन भागीदारी के लिये धर्मचंद कुलरिया को दोनों मंत्रियों ने भारत युवा गौरव अवार्ड से सम्मानित किया।




# अवनीत कौर
## ने कराया हॉट फोटोशूट, देखिए कितनी बदल गई यह एक्ट्रेस

***अवनीत ने 10 साल की उम्र में अपना करियर शुरू किया था। उन्होंने मर्दानी फिल्म के दोनों पार्ट में मीरा का किरदार भी निभाया है।*** सालों पहले टीवी पर हैंडवॉश का एक विज्ञापन आया था, जो कि काफी पॉपुलर हुआ था। इस विज्ञापन में एक लड़की बंटी नाम के लड़के से कहती है कि तेहरा साबुन स्लो है क्या ? इसके बाद उसे हैंडवॉश का इस्तेमाल करने की सलाह देती है। यह विज्ञापन आने के बाद लोग आज भी बंटी तेरा साबुन स्लो है क्या ? वाले अंदाज में एक दूसरे का मजाक बनाते रहते हैं। इस विज्ञापन में यह डायलॉग बोलने वाली क्यूट लड़की टीवी एक्ट्रेस और मॉडल बन चुकी है। इसका नाम है अवनीत कौर। यहां हम उनके बारे में बता रहे हैं।अपनीत अपनी क्यूटनेस के बाद अब हॉटनेस के चलते सुर्खियों में है। उन्होंने हाल ही में बहुत ही शानदार फोटोशूट कराया है। अवनीत की लेटेस्ट तस्वीरें काफी वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में उनका बोल्ड अंदाज दिखा है।इस फोटोशूट में बोहद हॉट नजर आ रही हैं। और अब यब कहा जा सकता है कि बचपन में बेहद क्यूट और प्यारी सी नजर आने वालीं अवनीत कौर अब इंटरनेट सेंशन बन चुकी हैं।अवनीत के करियर की बात करें तो वह एक्ट्रेस, मॉडल और डांसर हैं। उन्होंने अब तक कई शो में काम किया है। उन्होंने टीवी शो अलादीन- नाम तो सुना होगा में प्रिंसेज यास्मिन का रोल किया था।अलादीन के अलावा अवनीत डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर्स में भी नजर आई थी। यहीं से उनका करियर शुरू हुआ था। उन्होंने 10 साल की उम्र में अपने करियर की शुरुआत की थी। अब वह 20 साल की हो चुकी हैं। उन्होंने बचपन में कई सीरियल्स में भी काम किया है। रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी और मर्दानी 2 में भी अवनीत कौर के अभिनय की तारीफ हुई थी। मर्दानी फिल्म में अवनीत मीरा के रोल में दिखीं थीं।

## 'द कपिल शर्मा शो' में हुई सुमोना चक्रवर्ती की वापसी,नये अंदाज में दर्शकों को देंगी खास सरप्राइज



एक्ट्रेस सुमोना चक्रवर्ती के द कपिल शर्मा शो का हिस्सा नहीं होने की सभी अटकलों पर पूर्ण विराम लग गया है। एक्ट्रेस सुमोना ने खुद इन अफवाहों को खारिज करते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शो के सेट से एक तस्वीर शेयर किया है। इसके साथ ही उन्होंने ये ऐलान किया है कि वह काम पर वापस लौट आई हैं।**सुमोना चक्रवर्ती की द कपिल शर्मा शो में वापसी**-सुमोना द्वारा साझा की गई तस्वीर में वह द कपिल शर्मा शो की एक टीम के सदस्य के साथ पोज देती हुई नजर आ रही हैं। नए सीज़न के प्रोमो से गायब होने के बाद सुमोना के शो छोड़ने की अफवाहें फैलने लगीं। इस प्रोमो को हाल ही में कपिल ने अपने सोशल अकाउंट से शेयर किया था। **अर्चना पूरन सिंह ने किया कंफर्म**-वहीं शो में सुमोना की वापसी को जज अर्चना पूरन सिंह ने भी पुष्टि करते हुए कहा कि सुमोना इस शो का हिस्सा हैं। अर्चना पूरन ने आजतक बात करते हुए कहा, अगर आपको लगता है कि सुमोना शो में नहीं हैं तो आपको जल्द ही सरप्राइज मिलने वाला है। शो में सुमोना तो हैं लेकिन उनका अवतार बहुत अलग होगा, लेकिन हमारे पास वही प्यारी सुमोना रहेंगी। **द कपिल शर्मा शो नजर आएंगे अक्षय कुमार -अजय देवगन**-दर्शकों का लोकप्रिय कॉमेडी शो द कपिल शर्मा शो सोनी टीवी पर 21 अगस्त से शुरू हो रहा है। यह शो दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए एकदम तैयार है। हाल ही में कपिल ने इस शो नये सेट की पहली झलक अपने फैंस के साथ साझा किया था। इसके अवाला उन्होंने बताया था कि आने वाले दिनों में अजय देवगन और अक्षय कुमार इस शो में बतौर गेस्ट शामिल होने वाले हैं।

## मलाइका अरोड़ा को है बेटी की चाहत, बेटे अरहान के साथ बनाती हैं गोद लेने का प्लान

मलाइका अरोड़ा एक बेटे की मां हैं लेकिन उनको एक बेटी की चाहत है। वह पहले भी बोल चुकी हैं कि वह चाहती हैं कि उनकी कोई बेटी होती ताकि उनके इतने सारे स्टाइलिश कपड़े और फुटवियर उसे दे पातीं। अब एक बार फिर से उन्होंने बताया है कि वह अपने बेटे अरहान के साथ इस बात पर डिसकशन भी करती हैं कि बेटी गोद लेना कैसा रहेगा।



**बेटे को करती हैं प्यार पर बेटी की चाहत**- मलाइका का कहना है कि वह अपने बेटे अरहान को बेहद प्यार करती हैं लेकिन उनकी इच्छा है कि काश उनकी बेटी होती। वह इस बात को लेकर घर पर डिसकशन भी करती हैं। अरहान मलाइका के एक्स-हसबैंड अरबाज खान के बेटे हैं। 2017 में उनका तलाक हो चुका है।

**बेटी गोद लेने का नहीं है कोई प्लान**- मलाइका अरोड़ा ने बताया, मेरे कई दोस्तों ने बच्चे गोद लिए हैं और बच्चे उनकी जिंदगी में बहुत खुशियां लेकर आए हैं। मैं अपने बेटे अरहान से कई चीजें डिसकस करती हूं जैसे कि कैसे हम भी एक बेटी गोद ले सकते हैं और उसे घर और परिवार देंगे। हम ऐसे करोड़ों टॉपिक पर बात करते हैं, ये भी उनमें से एक है पर कोई प्लान नहीं है।

बेटी की चाहत पर मलाइका कहती हैं, मैं ऐसे परिवार से हूं जहां लड़कियां ही लड़कियां हैं और हमारे बेटे हैं। इसलिए मैं बेटी मिस करती हूं। मैं बेटे अरहान को बहुत प्यार करती हूं लेकिन सोचती हूं कि काश एक बेटी होती।

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
भूखे नंगे लोगों को स्वराज्य की राह दिखाइये
"मैं आपको एक मंत्र देता हूं, जब कभी आप दुविधा में हों या आपको अपना स्वार्थ प्रबल होता दिखाई दे तो यह नुस्खा आजमा कर देखियेगा। अपने मन की आँखों के सामने किसी ऐसे गरीब और असहाय व्यक्ति का चेहरा लाइये जिसे आप जानते हों और अपने आप से पूछिये कि आपकी करनी उसके किस काम आयेगी? क्या उसे कुछ लाभ होगा? क्या उस काम से उसे अपना जीवन और भविष्य बनाने में कुछ मदद मिलेगी, दूसरे मायने में क्या आपकी करनी हमारे देश के लाखों, करोड़ों भूखे नंगे लोगों को स्वराज्य की राह दिखायेगी? बस इतना सोचते ही आपकी सारी दुविधाएं दूर हो जायेंगी और स्वार्थ पिघल कर बह जायेगा।" - महात्मा गांधी
11.8.1952 ( 12 मार्च 92-मैत्री से साभार )
( क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा द्वारा प्रसारित )
*सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मन्त्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के राष्ट्रीय खादी अवार्ड 2007 - से सर्वोत्तम खादी संस्था के रूप में सम्मानित क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा : खादी ग्रामोद्योग की सेवा में सतत् सेवारत*
रामदास शर्मा, अध्यक्ष
अनिल शर्मा, मन्त्री

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अखिल भारतीय खादी ग्रामोद्योग आयोग द्वारा प्रमाणित
खादी ग्रामोद्योग भण्डार
प्लाट नं. 65 बी, बौद्ध विहार कालोनी, कचोलिया रोड, वार्ड नं. 18, चौमूं जिला - जयपुर
मं.नं. 3252, जयलाल मुंशी का रास्ता, आखिरी चौराहा, संतोषी माता मंदिर के पास, चांदपोल बाजार, जयपुर - राज.
रोड़ नं. 1,रामा टेलिकॉम के सामने, मुरलीपुरा, जयपुर, मो. — 9782658589



हरिनारायण शर्मा
हर प्रकार की खादी व रेडीमेड वस्त्र कुर्ता, पायजामा, दरीफर्श, दरियां, खेश, बैडशीट, दरीपट्टी, रजाई, गद्दी, डस्टर, बस्ता, ग्रामोद्योग साबुन, स्टील फर्नीचर, फुटकर व सरकारी सप्लाई के लिए सम्पर्क करें
हरिनारायण शर्मा, चौमूं द्वारा संचालित मो. 9829161216

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
लोक सेवा समिति, नगर ( जिला- भरतपुर )
हमारे खादी उत्पादन
दरी, फर्श, गाढ़े, जे.डी. 4, जाजम, कम्बल आदि
ग्रामोद्योग उत्पाद -
शुद्ध घाणी तेल ( पावन घाणी ), सागर साबुन व सर्फ़
अचार, मुरब्बा व लोहे का सब प्रकार का सामान
हमारे बिक्री भण्डार :- नगर, पहाड़ी, लक्ष्मणगढ़ ★ग्राम शिल्प - बस स्टेण्ड, नगर, ★ मादीपुर - नई दिल्ली
बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करायें : निर्धारित छूट का लाभ उठायें
दीनदयाल शर्मा, अध्यक्ष
मातादीन शर्मा, उपाध्यक्ष
राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, सहायक मंत्री

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
गांधीजी की शोषण मुक्त, श्रमनिष्ठ नई समाज रचना के लिए प्रतिबद्ध
नागौर जिला खादी ग्रामोद्योग संघ
बासनी रोड़, नागौर ( राज. ) फोन : 01582-240464
*संस्था द्वारा उत्पादित ऊनी, खादी, मेरीनो, देशी, मिक्स मेरीनो तथा पोली वूल माल, कोटिंग, लेडीज शाल, राजीव शाल, मफलर, होजरी, कोट, जाकेट, गाऊन, जर्सी, स्वेटर, टोपा, दस्ताना, पट्टू आदि*
*संस्था के केन्द्र :-*
उत्पादन केन्द्र : 4
कार्डिंग प्लांट : 1
बिक्री भण्डार : 6
होजरी प्लांट : 1
खादी भण्डार एम्पोरियम संस्था प्रांगण, नागौर
केन्द्रीय वस्त्रागार - खादी स्ट्रीट रानी बाजार, बीकानेर ( राज. )
फोन : 0151-2544040
अर्जुनदास वैष्णव, अध्यक्ष मो. 9001019876
इन्द्रभूषण गोईल, उपाध्यक्ष मो. 9314443703
त्रिलोकराम गर्ग, मंत्री मो. 9251284893

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
खादी ग्रामोद्योग कमीशन द्वारा प्रमाणित फोन : 0296-2243518
ग्रामोद्योग समिति, बांसवाड़ा
★ खादी भण्डार, सब्जी मण्डी बांसवाड़ा, फोन - 2242787
★ ग्राम शिल्प, राती तलाई, बांसवाड़ा
★ खादी ग्रामोद्योग भण्डार, प्रतापगढ़ ( चित्तौड़गढ़ )
★ खादी उत्पादन केन्द्र बागीदौरा ( बांसवाड़ा )
★ खादी मन्दिर कलेक्ट्री के सामने, बांसवाड़ा
★ खादी ग्रामोद्योग भण्डार, घाटोल
★ खादी निकेतन, बागीदौरा
★ लुहारी उत्पादन केन्द्र, बांसवाड़ा
सभी प्रकार की सूती - ऊनी खादी, दरी, फर्श, ऊनी कम्बल, रेडीमेड सूती - ऊनी तथा ग्रामोद्योगी, वस्तुओं व लोहवस्तु - आफिस एवं गृह उपयोगी सामान का प्राप्ति स्थल
स्वदेशी महत्ता याने अपनी महत्ता
मृदुला सामवेदी, अध्यक्ष
गणपत लाल जैन, मंत्री
इच्छा शङ्कर शर्मा, सहायक मंत्री

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
देश को आर्थिक गुलामी से बचाने, पिछड़े वर्ग एवं बेरोजगार लोगों को राहत पहुंचाने तथा विषमता निवारण में सहयोग देने हेतु खादी एवं ग्रामोद्योगी वस्तुएं अपनाइये
राजस्थान खादी संघ के समूचे राजस्थान प्रदेश में स्थित बिक्री केन्द्रों में
खादीघर, एम.आई. रोड, जयपुर, खादी भण्डार, जौहरी बाजार, अम्बर भवन, बापू नगर, जयपुर एवं खादी भण्डार, अजमेर, पाली, भीमगंज मण्डी ( कोटा ), कैथून ( कोटा ), राजस्थान खादी संघ, खादी भण्डार, जोधपुर, रतनगढ़, राजगढ़, सरदार शहर, राजलदेसर, भादरा, तारानगर, खादीबाग़, खादी भण्डार चौमूं, कालाडेरा और निवाणा
हमारे उत्पाद :-
सूती, ऊनी, रेशमी खादी, पोलीवस्त्र, कोटा डोरिया, साड़ियां एवं स्टील फर्नीचर, साबुन, अगरबत्ती, तेल, शुद्ध मसाले, चर्म सामान आदि ग्रामोद्योगी वस्तुएं खरीदिये।
राजस्थान खादी संघ, पो. - खादीबाग़-303702 चौमूं ( जयपुर )
रामदयाल लाटा, अध्यक्ष
राधेश्याम गुप्ता, उपाध्यक्ष
मालीराम शर्मा, सहायक मंत्री
चमेल सिंह, मंत्री

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली' के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# भारतीय स्वतंत्रता का मूल है अक्षुण्ण एकता



राम गोपाल सैनी

भारत में स्वतंत्रता दिवस को बहुत अहम दिन माना जाता है। 200 साल की लम्बी लड़ाई के बाद 15 अगस्त 1947 को भारत को ब्रिटिश हुकूमत से पूर्ण रूप से आजादी मिली। स्वतंत्रता दिवस,1947 में ब्रिटिश शासन के अंत और स्वतंत्र भारतीय राष्ट्र की स्थापना का प्रतीक है। यह दो देशों,भारत और पाकिस्तान में उपमहाद्वीप के विभाजन की सालगिरह का प्रतीक है,जो 14 से 15 अगस्त,1947 की मध्यरात्रि को हुआ था। भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 14 अगस्त मध्यरात्रि को'ट्रिस्ट वीद डेस्टिनी'भाषण के साथ भारत की आजादी की घोषणा की। तब से हर साल 15 अगस्त को भारत में स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है,जबकि पाकिस्तान में स्वतंत्रता दिवस 14 अगस्त को मनाया जाता है। 15 अगस्त 1947 में भारत आजाद हुआ था। इसलिए भारत इस दिन को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाता है। यह भारत का राष्ट्रीय दिवस है। स्वतन्त्रता दिवस से सभी भारतीयों की भावनाएं जुडी हुई हैं। अंग्रेजों ने भारतीय उपमहाद्वीप पर अपना पहला चौकी 1619 ई. में सूरत के उत्तर-पश्चिमी तट पर स्थापित किया। उस शताब्दी के अंत तक,ईस्ट इंडिया कंपनी ने मद्रास,बॉम्बे और कलकत्ता में तीन और स्थायी व्यापारिक स्टेशन खोले थे। उन्नीसवीं सदी के मध्य तक,ब्रिटिशों ने इस क्षेत्र में अपने प्रभाव का विस्तार जारी रखा,भारत,पाकिस्तान और बांग्लादेश के वर्तमान समय के अधिकांश हिस्सों पर उनका नियंत्रण था। भारत में ब्रिटिश शासन 1757 ई. में शुरू हुआ, जब प्लासी के युद्ध में ब्रिटिश जीत के बाद,अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी ने देश पर नियंत्रण स्थापित करना शुरू कर दिया। ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत पर 100 वर्षों तक शासन किया। इसे 1857-58 में भारतीय विद्रोह का सामना करना पड़ा। प्रथम विश्व युद्ध (28 जुलाई 1914:11 नवंबर 1918) के दौरान भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन शुरू हुआ। इसका नेतृत्व मोहनदास करमचंद गांधी ने किया था। महात्मा गांधी ने ब्रिटिश शासन के शांतिपूर्ण और अहिंसक अंत की वकालत की। पूरे भारत में स्वतंत्रता दिवस को,झंडा उठाने वाले समारोहों,कवायदों और भारतीय राष्ट्रगान के गायन के साथ चिह्नित किया जाता है। पुरानी दिल्ली के लाल किले के ऐतिहासिक स्मारक में प्रधानमंत्री के झंडा चढ़ाने के समारोह में भाग लेने के बाद,एक परेड सशस्त्र बलों और पुलिस के सदस्यों के साथ होती है। प्रधानमंत्री तब देश को एक टेलिविज़न के माध्यम से एड्रेस देते हैं। यह एड्रेस भारत की प्रमुख उपलब्धियों को बताता है और भविष्य की चुनौतियों और लक्ष्यों को रेखांकित करता है।

# नफरत फैलाने वाली ताकतों को देना होगा मुंहतोड़ जवाब- अशोक गहलोत

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि उनके लम्बे संघर्ष और समर्पण से देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजादी मिली। आजादी के बाद देश में लोकतंत्र कायम हुआ। उन्होंने कहा कि इस मुल्क में विभिन्न धर्म, सम्प्रदाय और जातियों के लोग रहते हैं। विभिन्न भाषाएं बोली जाती हैं। इतनी विविधता के बावजूद हमारे नेताओं ने सर्वधर्म समभाव, समाजवाद एवं धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के साथ इस देश को एकजुट एवं अखण्ड रखा। इन सिद्धांतों पर चलते हुए ही हमें नफरत फैलाने वाली ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देना होगा, ताकि हमारा देश एक और अखण्ड रहे। मुख्यमंत्री 75वें स्वाधीनता दिवस के अवसर पर बडी चौपड़ पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां ध्वजारोहण किया और उपस्थित जनसमुदाय को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की महान परम्पराओं को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। हमें संविधान की मूलभावना को आत्मसात कर देश-प्रदेश की उन्नति के लिए काम करना होगा। गहलोत ने कहा कि पं. जवाहर लाल नेहरू, सरदार पटेल, मौलाना आजाद तथा डॉ. अम्बेड्कर जैसे महान नेताओं ने मुल्क को नई दिशा दी।



# चौमूं सैनी समाज सभा भवन में हुआ झंडारोहण

चौमूं (हमारा वतन) महात्मा ज्योतिराव फुले विकास संस्थान चौमूं द्वारा सैनी समाज सभा भवन में पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी व नगर पालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी द्वारा झंडारोहण किया गया। झंडारोहण कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष शंकर लाल सैनी, संस्था संरक्षक प्रह्लाद सहाय अधोपिया, उपाध्यक्ष राजकुमार कांकरवाल ,मंत्री ओमकार तवर, संयुक्त मंत्री ओम भगत, कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार, मदनलाल मालेरिया ,अनिल कुमार सैनी, सुवालाल सिंगोदिया, मोहनलाल तंवर, रामेश्वर सिंगोदिया, डॉ मान प्रकाश सैनी,डॉक्टर सोहनलाल तवर, हनुमान सहाय सिंगोदिया, अध्यक्ष दिनेश कुमार तिगरिया, रामचंद्र फडया, प्रभाती लाल सैनी, झुन्था लाल , राधेश्याम तवर, मदनलाल सतरावला ,ओम प्रकाश महार, प्रवीण मालेरिया, मोहनलाल रोलावन, प्रभाती लाल, सूरज मल ठेकेदार, जगदीश प्रसाद अधोपिया, कन्हैया लाल अधोपिया, कैलाश चंद्र एडवोकेट, गोविन्द नारायण पूर्व चेयरमैन, आदि गणमान्य समाज बंधु उपस्थित हुए।




# मुख्यमंत्री ने 8, सिविल लाइंस पर ध्वजारोहण किया

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने स्वतंत्रता दिवस पर सिविल लाइंस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री कार्यालय एवं मुख्यमंत्री निवास के अधिकारी एवं सुरक्षाकर्मी भी उपस्थित थे।

**सचिवालय में ध्वजारोहण**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शासन सचिवालय में सचिवालय कर्मचारी संघ की ओर से आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में भी ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष पुष्प भी अर्पित किए।

# सत्यनारायण सैनी बने नागरिक अधिकार मंच के प्रदेश अध्यक्ष



जयपुर (हमारा वतन) देशभर में संवैधानिक मौलिक व मानव अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रयासरत नागरिक अधिकार मंच द्वारा वार्ड नंबर 16, जादमों की ढाणी, चौमूं निवासी समाजसेवी सत्यनारायण सैनी को मंच के संस्थापक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह तोमर द्वारा राजस्थान प्रदेश की जिम्मेदारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि सत्यनारायण सैनी की रुचि नागरिक अधिकार मंच के उद्देश्यों के अनुसार रही है। भारतीय संविधान में नागरिकों को प्रदत्त मौलिक अधिकार जिन्होंने मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 में मानव अधिकारों की श्रेणी में रखा गया है, के हनन को रोकने के साथ-साथ राष्ट्र और समाज के प्रति बढ़ रही कर्तव्य हीनता जैसे सामूहिक उन्माद फैलाना, रेल रोकना, सड़क जाम करना, नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं में बाधा पहुंचाना व जातिगत और सांप्रदायिक द्वेष को रोकने के लिए प्रदेशाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है।

सत्यनारायण सैनी ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों ने मुझ पर विश्वास जताया है, उस पर मैं खरा उतरने का प्रयास करूंगा और प्रदेश स्तर पर कार्यकारिणी का गठन कर नागरिकों के अधिकार के प्रति जागरूक करूँगा। सत्यनारायण सैनी के प्रदेश अध्यक्ष बनने की सूचना पर विकास जादम, समर्थकों और समाज बंधुओं में खुशी की लहर है।

# पूर्व विधायक ने पौत्री के जन्मदिवस पर गौशाला के लिए चारे की गाड़ी रवाना की

चौमूं (हमारा वतन) पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने अपनी पौत्री व चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने अपनी पुत्री दिशा सैनी के जन्मदिवस पर चौमूं गढ़ गणेश स्थित गौशाला के लिए चारे की गाड़ी रवाना की।

पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने बताया कि पुराणों में कहा गया है कि गौ माता की सेवा से बढ़कर कोई दूसरा महान पुण्य नहीं है। चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने कहा कि एक बेटी का पिता ही जानता है कि बेटी क्या होती है। बेटियों पिता का मान, गुरुर व सम्मान होती हैं। पूर्व विधायक सैनी व परिवार ने दिशा सैनी को



जन्मदिन की बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य व लंबी उम्र की कामना की।

इस मौके पर पूर्व विधायक की पत्नी सोनी देवी, चेयरमैन पत्नी किरण सैनी, रीतु सैनी, ध्रुव सैनी, पार्षद ओमप्रकाश यादव सहित अन्य परिवार के लोग मौजूद रहे।



# आकाश कॉन्वेंट स्कूल में स्वतंत्रता दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

जयपुर (हमारा वतन) शहर के सामोद रोड स्थित आकाश कॉन्वेंट स्कूल में स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हुए। 75 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर झंडारोहण किया और स्कूल के 10 वीं बोर्ड के स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रयास फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. शिखा मील ने कहा की बच्चों को इस कोरोना महामारी के अंदर ऑनलाइन क्लासों के साथ अपनी मेहनत के साथ पढ़ाई करनी चाहिए। अपनी मंजिल अपने आप को तय करनी होती है। गुरु तो केवल आपको रास्ता दिखा सकते हैं। आकाश कॉन्वेंट स्कूल के निदेशक मामराज चौधरी ने आए हुए अतिथियों को माला पहनाकर, पुष्प गुच्छ भेंट कर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। स्टूडेंट्स को कहा की आप आगे भी इसी तरह कड़ी मेहनत करके सफलता प्राप्त करो। इस दौरान डॉ सुभाष दादरवाल डीसीओ दौसा, अर्जुन सिंह , सुरेश चौधरी, गोपी किशन गुप्ता,कैलाश चंद सैनी, लालचंद शर्मा ,राजेंद्र कुमार पारीक, शंकर लाल यादव, मोहम्मद फारुख,राहुल जांगिड़, सुधांशु जांगिड़, अशोक कुमार कुमावत, सतीश कुमार ,राजेंद्र कुमार ,हेमलता सोनी,पंकज मिश्रा, सीतू , प्रीति गुप्ता ,पूजा शर्मा, दिव्या कुमावत,जितेंद्र सिंह एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# पहली राजस्थानी वेब सीरीज गिल्ली डंडा का मुहूर्त संपन्न



जयपुर (हमारा वतन) वैशाली नगर में राजस्थानी भाषा में बनने वाली पहली वेब सीरीज गिल्ली डंडा का मुहूर्त संपन्न हुआ जो कि राजस्थानी फिल्म इंडस्ट्री की खोई हुई चमक वापस ला देगी। वेब सीरीज के लेखक और निर्देशक क्षितिज कुमार ने बताया कि इस वेब सीरीज को सभी परिवार के साथ देख सकते हैं। यह पूर्णतया पारिवारिक वेब सीरीज है, जिसमें आपको मीठी राजस्थानी बोली, रंग-बिरंगी वेशभूषा और राजस्थानी संस्कृति देखने को मिलेगी जो कि आपके लिए लेकर आ रहा है डीआरबी फिल्म प्रोडक्शन। यह पहली राजस्थानी ओटीटी प्लेटफॉर्म वेब सीरीज है जो आपको रास्टार ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देखने को मिलेगी।

वेब सीरीज के मुख्य कलाकारों में पी एम चौधरी, सुरेंद्र कुमार,विनोद सोनी, ममता अग्रवाल, अंजलि त्रिपाठी , प्रियांशी शर्मा , रेंजू , देव , गिरवर सिंह , अभी गोदारा , प्रभु सिंह चौहान , रवि सुखचैनपुरा , राधे सेठी और राजकुमार कटारिया आदि हैं।



# डॉ. नरेंद्र जोशी का हुआ कोरोना योद्धा के रूप में सम्मान

जयपुर (हमारा वतन) समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी एक विशेष पहचान रखने वाले और यस एनजीओ के संस्थापक डॉ नरेंद्र जोशी का कोरोना योद्धा के रूप में सम्मान किया गया। यह सम्मान प्रांतपाल सुनील गोयल के कर कमलों से दिया गया। गौरतलब है कि डॉ नरेंद्र जोशी लगातार अपने एनजीओ और लायंस क्लब द्वारा कोरोना महामारी में लोगों की जीवन रक्षा हेतु हमेशा तत्पर रहे हैं और समाज सेवा में अनवरत लगे रहते हैं। इनकी एनजीओ द्वारा जरूरतमंद महिलाओं को निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरण भी किया जाता है। डॉ नरेंद्र जोशी लायंस क्लब जयपुर सुप्रीम के अध्यक्ष भी हैं।




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 9352734588, सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा